# मां और मातृभाषा से बड़ा कोई नहीं : सीएम

## रवीन्द्र भवन में देश-विदेश के दस साहित्यकार राष्ट्रीय हिंदी भाषा सम्मान से अलंकृत



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 15 सितम्बर. रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में सोमवार को आयोजित भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मां और मातृभाषा से बड़ा इस संसार में कोई नहीं है, जैसे मां के चरणों में चारधाम हैं. वैसे ही मातृभाषा की गोद में आनंदधाम है. उन्होंने कहा कि हिन्दी 52 वर्णों में गुंथी हुई पहली पाठशाला है, जो अ से अनपढ़ को ज्ञ से ज्ञानी बना देती है. हिन्दी विश्व की तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है और यह हमारी संस्कृति और भावनाओं को जोड़ती है.**

मुख्यमंत्री ने हिन्दी साहित्य लेखन और इसके प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले देश विदेश के दस साहित्यकारों को राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सम्मान से अलंकृत किया और विभिन्न साहित्यिक पुस्तकों का लोकार्पण किया. उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने मातृभाषा की गरिमा का उल्लेख हजारों वर्ष पूर्व किया था. आल्हा ऊदल के महाकाव्य और रानी लक्ष्मीबाई व रानी दुर्गावती पर रचे काव्य हिन्दी की सुंदरता को प्रकट करते हैं. डॉ यादव ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हिंदी योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने वैश्विक मंचों पर हिन्दी का मान बढ़ाया. कार्यक्रम में वॉव अवार्ड एशिया की टीम ने मुख्यमंत्री को विक्रमोत्सव 2025 के लिए गोल्ड अवार्ड भेंट किया. स्वदेशी जागरण अभियान अंतर्गत बी इंडियन बाय इंडियन हमारी लक्ष्मी हमारे पास अभियान तथा आरएनटीयू के विश्व हिंदी ओलंपियाड और विश्वरंग पोस्टर का भी लोकार्पण किया गया.

संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में शुरू की गई है. कुलगुरु डॉ संतोष चौबे और अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला ने भी विचार रखे.

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में प्रशांत पोळ जबलपुर, लोकेन्द्र सिंह राजपूत भोपाल को राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सम्मान, रीता कौशल-आस्ट्रेलिया , डॉ. वंदना मुकेश-इंग्लैंड को राष्ट्रीय निर्मल वर्मा सम्मान, डॉ. इंदिरा गाजिएवा-रूस, पदमा जोसेफिन वीरसिंघे को राष्ट्रीय फादर कामिल बुल्के सम्मान, डॉ. राधेश्याम नापित-शहडोल, डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे-भोपाल को राष्ट्रीय गुणाकर मुले सम्मान, डॉ. के.सी. अजय कुमार-तिरुवनंतपुरम्, डॉ. विनोद बब्बर-दिल्ली को राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया.



# समाज की प्रगति के लिए शिक्षा जरूरी

- जीनगर समाज के 258 मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

**भोपाल, 15 सितंबर. राष्ट्रीय जीनगर समाज उत्थान एवं प्रोत्साहन समिति एवं ऑल इंडिया जीनगर चैरिटेबल एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को भोपाल में जीनगर समाज के 258 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का देश भर से आये समाज प्रमुखों द्वारा समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान किया गया. इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति और विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण है. उन्होंने जीनगर समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की सराहना की और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उपहार दिए. समारोह में संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी नाथूराम निर्वाण, स्वरूप सिंह पवार, सुरेंद्र निर्वाण, संपत लाल पवार, अनिल कछावा, राजेश सोलंकी, रेणु देवड़ा, संजय सिसोदिया, पार्षद सरोज हरिओम आसेरी, प्रदीप कछावा, मिलन जोहिया एवं संरक्षक भगवानदास ढालिया ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम में भामाशाह सुरेंद्र निर्वाण, के. एम. खींची, ओम प्रकाश बोराना, हरगोविंद सांकले, रघुवीर चौहान, हीरालाल सांखला, बी एल खत्री, अध्यक्ष अजय पवार, पृथ्वीराज चौहान, प्रेम पवार, राजेश आसेरी, राम सिसोदिया एवं मुकेश सांखला सहित अन्य दानदाताओं का सम्मान भी किया गया.

# पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता हुई

- बंसल ग्रुप ऑफ टेक्नोलॉजी में मनाया इंजीनियर्स डे
- हिंदी दिवस को लेकर भी हुए आयोजन

**भोपाल, 15 सितम्बर. बंसल ग्रुप ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को इंजीनियर्स डे एवं हिंदी दिवस का संयुक्त रूप से भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जीवन परिचय और उनके अद्वितीय योगदान के विवरण के साथ हुआ.**

इसके पश्चात हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया.इस अवसर पर संस्थान की ओर से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के माध्यम से इंजीनियर्स डे एवं हिंदी दिवस दोनों का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया.

कार्यक्रम में पूजा बंसल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए इंजीनियरिंग शिक्षा और मातृभाषा हिंदी के महत्व पर अपने विचार साझा किए. उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया.

इस अवसर पर डॉ. वी.के. द्विवेदी (निदेशक, बीआईआरटी), डॉ. मनोज त्यागी (डीन अकादमिक एवं शोध), सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं छात्रगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. कार्यक्रम का समापन विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ हुआ. इस आयोजन ने न केवल तकनीकी ज्ञान और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया, बल्कि हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार का भी संदेश दिया.

## राजभवन में रक्तदान शिविर कल

**भोपाल, 15 सितंबर.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने के निर्देश दिए है. रक्तदान और नि: शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 17 सितंबर को राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया जाएगा. शिविर का संचालन सुबह 11 बजे से दोपहर1: 30 बजे तक होगा. राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि शिविर का आयोजन राजभवन और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है.

# अनजाने में हुई गलतियों की एक-दूसरे से क्षमा मांगी

- स्टेशन बजरिया जैन मंदिर में क्षमा वाणी महा महोत्सव

**भोपाल, 15 सितंबर. श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन बजरिया में सोमवार को क्षमावाणी पर्व मनाया गया. इस अवसर पर जैन समाजजन ने अनजाने में हुई गलतियों की एक-दूसरे से क्षमा मांगी. इस दौरान मूलनायक श्री महावीर स्वामी भगवान अभिषेक कर मंत्र उच्चारण शांतिधारा कर सभी के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की गई.**



प्रवक्ता नरेंद्र जैन के अनुसार क्षमा वाणी कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री महामुनि राज के चित्र पर पंचायत कमेटी अध्यक्ष मनोज बांगा, महामंत्री आलोक पंचरत्न, संजय पंचरत्न, अशोका गार्डन अध्यक्ष सचैन्द्र जैन, अशोक जैन, राजेंद्र पान, बजरिया अध्यक्ष राजीव पंचरत्न एवं कमेटी द्वारा चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलित, मंगलाचरण कर किया गया. व्रत साधना करने वाले तपस्वियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ. बच्चों द्वारा आचार्यश्री के जीवन पर आधारित नाटिका की प्रस्तुति दी गई.

## एक नजर में



### हिन्दी भाषा में सहजता और स्पष्टता है : डॉ. अतिला

**भोपाल.** हिन्दी भाषा में मधुरता, सहजता, सरलता और स्पष्टता है जो विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाये हुए हैं उक्त विचार भारतीय लोकहित साहित्य एवं संस्कृति एकेडमी तथा अखिल हिन्दी साहित्य सभा द्वारा आयोजित भारतीय परिवेश में हिन्दी का महत्व विषय पर संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीलंका से आई डॉ. अतिला कोतलावल निदेशक हिन्दी संस्थान कोलंबो भारतीय दूतावास ने व्यक्त किए. कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव जेएन कांसोटिया ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षिका डॉ. मंजू पांडे नैनीताल (उत्तराखंड), गीता पैट्रिक हापुड़ (उप्र), डॉ. श्वेता चौधरी इंदौर, गोपाल मोरे, एमसी अहिरवार, साहित्यकार, डॉ. आर आर वामनकर अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सभागृह थे. अतिथियों का स्वागत भारतीय लोक हित साहित्य एवं संस्कृति एकेडमी के अध्यक्ष केबी मंसारे एवं छगन गौतम, दीपमाला बामने, जगदीश मालवीय ने किया.



### सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को दी विदाई

**भोपाल.** मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय में उप सचिव रमेश महाजन, मार्शल शर्मिला महाजन, सहायक ग्रेड-1 दुष्यंत कुमार शर्मा, भृत्य राधेश्याम राय, महेश कुमार वर्मा एवं ऊषा गौर लोक सेवकों को सोमवार को विधान सभा भवन स्थित सभागार में सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान कर विदाई दी गई. प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके दीर्घायु जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना की.

# विद्यार्थियों ने जाना मेडिकल लीगल का महत्व

## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में मेडिको लीगल पर व्याख्यान

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 15 सितम्बर. एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में मेडिको लीगल इंटरप्रिटेशन ऑफ इंजुरी इन व्यू ऑफ कोर्ट नामक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया.**



व्याख्यान में उन्होंने शव परीक्षण रिपोर्ट के विविध पहलुओं को व्यवहारिक रूप से प्रस्तुत किया और शारीरिक चोटों के प्रकार व संबंधित हथियार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी. इसके साथ ही डॉ सत्पथी ने मेडिकल ज्यूरिसप्रूडेंस की न्यायालय में आवश्यकता क्यों होती है और वकालत में इसका क्या योगदान है. इन विषयों के बारे में छात्रों को बताया. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि न्यायालय मेडिकल साक्ष्य को कैसे ग्रहण करता है.

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ मुकेश कुमार साहू, डीन और डायरेक्टर, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज ने की. मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. डीके सत्पथी, फॉरेंसिक एक्सपर्ट और हेड ऑफ डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम में विधि विभाग के सहायक प्राध्यापकों, विभाग के सभी कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में करन तिवारी, नामिका दुबे और स्निग्धा सरैया का योगदान रहा.



# करुणा धाम में विराजेंगी 22 फीट ऊंची काली जी की प्रतिमा

- 22 से शुरू हो रहा शारदीय नवरात्र, तैयारियां जारी

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 15 सितम्बर. शारदीय नवरात्र का शुभारंभ 22 सितंबर से होगा. इसके लिए राजधानी के मूर्तिकार देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं.**

नीलबड़, नेहरू नगर, बापू नगर, शबरी, अन्नानगर, 12 दफ्तर और अंबेडकर नगर सहित शहर के कई हिस्सों में विशाल पंडाल और झांकियां तैयार की जा रही हैं. इन पंडालों में 70 साल से काली जी की मूर्तियां पहुंचाने वाले मनोज प्रजापति इस साल भी 50 से अधिक भव्य, विशाल और सुन्दर मूर्तियां तैयार कर रहे हैं. शहर भर में सबसे पुराने मूर्तिकारों में से एक मनोज बताते हैं कि मूर्तियों को बनाने में 4 महीने से अधिक का समय लगता है. यह काम उनके दादाजी के समय से करते आ रहे हैं. हम सिर्फ काली जी की मूर्तियां ही बनाते हैं. इन मूर्तियों को मुंडों की माला अस्त्र शस्त्र और विभिन्न आभूषणों के द्वारा सजाया जाता है. फिलहाल इनमें ऊपरी रंगारी और सज सज्जा का कार्य किया जा रहा है. शहर में कमला नगर पाताल भैरवी मंदिर, रोशनपुरा चौराहा, ज्योति टॉकीज, लखेरापुरा, मंगलवारा, घोड़ानक्कास, सिंधी कालोनी, सोमवारा सहित कई जगहों पर पंडाल और झांकियां तैयार की जा रही हैं.

### घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

नवरात्र पर्व का आरंभ घटस्थापना के साथ होता है, जिसे बहुत ही शुभ माना जाता है. इस बार सोमवार, 22 सितम्बर को घटस्थापना की जाएगी. जिसका समय सुबह 6 बजकर 9 मिनट से 8 बजाकर 6 मिनट तक का होगा. इसके अलावा अगर दोपहर को घटस्थापना कर रहे हैं, तो दोपहर 11 बजकर 49 मिनट से 12 बजकर 38 मिनट तक कलश की स्थापना करने का शुभ मुहूर्त है.

# समाज में उत्कृष्ट योगदान देने पर सम्मानित

- मराठा कलार समाज ने प्रेमलाल का किया सम्मान
- भेंट किया शाल-श्रीफल और अभिनंदन पत्र

**भोपाल, 15 सितंबर. श्री क्षत्रिय मराठा कलार समाज एवं श्री गणेश सहस्त्रबाहु सांस्कृतिक जनकल्याण समिति भोपाल द्वारा समिति को उत्कृष्ट योगदान प्रदान करने पर प्रेमलाल विजयवार का शाल श्रीफल, भगवान श्री सहस्त्रबाहु का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया.**



यह सम्मान उन्हें उनके निवास ओम नगर कोलार पहुंच कर प्रदान किया गया. इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजन सेवईवार, सचिव रमेश गंगभोज, तुकाराम चौरीवार, कुंवरलाल विजयवार, नंदलाल विजयवार, बबलू डोहरे, सुधाकर राऊत, शकुंतला चौरीवार, प्रमिला विजयवार, ललिता चौरीवार उपस्थित रहे.

## आकृति ईको सिटी-कमला नगर में आज होगी बिजली कटौती

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मंगलवार को राजधानी के लगभग 30 इलाकों में मंगलवार को मेंटनेंस करेगी. इस कारण इन इलाकों में 2 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी. विद्युत कंपनी इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी. इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा. जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें आकृति ईको सिटी, कमला नगर, कोटरा सुल्तानाबाद, समरधा, प्रभु नगर, जज कॉलोनी समेत कई बड़े इलाके भी शामिल हैं.

**एमपी पर्यटन बोर्ड की पहल** ▶ **दिल्ली के 30 से अधिक गाइड्स प्रदेश के धरोहरों का कर रहे अध्ययन**

# विदेशी पर्यटकों तक पहुंचेगी महेश्वर-मांडू की पहचान

**भोपाल, 15 सितंबर. मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के विश्वस्तरीय पर्यटन अनुभवों को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के बीच महेश्वर एवं मांडू जैसे ऐतिहासिक स्थलों को प्रमुखता से स्थापित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय पर्यटक गाइड संघ ( आरटीजीए ) दिल्ली का एक अध्ययन दौरा एवं प्रोफेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है.**



इस यात्रा में 30 से अधिक अनुभवी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित गाइड्स भाग ले रहे हैं, जो भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा मान्यता प्राप्त हैं. इस ट्रिप में शामिल गाइड्स कई अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में निपुण हैं. दिल्ली लौटने के बाद वे विदेशी पर्यटकों को भोपाल, मांडू और महेश्वर के पर्यटन स्थलों से परिचित कराएंगे, जिससे इन धरोहर स्थलों की वैश्विक पहचान मजबूत होगी.पर्यटन, संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम धरोहर संरक्षण और पर्यटन विकास को साथ लेकर चल रहे हैं, ताकि मध्यप्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाया जा सके.

### दर्शनीय स्थलों का भ्रमण

अध्ययन दौरे की शुरुआत 14 सितंबर को आरटीजीए के प्रतिनिधियों के दिल्ली से भोपाल आगमन के साथ हुई. उन्होंने भोपाल में ताज-उल-मस्जिद, कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, बिरला म्युजियम और भारत भवन का भ्रमण किया. सोमवार, 15 सितंबर को प्रतिनिधि मांडू के लिए रवाना हुए. मांडू पहुंचकर उन्होंने रानी रूपमति महल, बाज बहादुर महल, जहाज महल, होशंगशाह का मकबरा, नीलकंठ महादेव मंदिर आदि का भ्रमण किया. मंगलवार, 16 सितंबर को वे मांडू से महेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे. 18 सितंबर को सभी प्रतिनिधि दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे.

## विधायक शर्मा ने मेले की देखीं व्यवस्थाएं

**भोपाल, 15 सितंबर.** पीएम मोदी के जन्मदिन पर हाट बाजार में मंगलवार से स्वदेशी मेला शुरू होगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मेले का शुभारंभ करेंगे. मंत्री प्रहलाद पटेल भी मौजूद रहेंगे. सोमवार रात में मेले की व्यवस्थाएं विधायक शर्मा ने देखी. विधायक शर्मा ने कहा कि यह स्वदेशी मेला केवल एक प्रदर्शनी या खरीद-बिक्री का स्थान नहीं होगा, बल्कि इसमें सांस्कृतिक विरासत, परंपराएं और स्थानीय उत्पादों की झलक दिखेगी. मेले में स्वदेशी व्यंजन, स्थानीय शिल्पकला, साज-सज्जा की वस्तुएं, हाथ से बने वस्त्र, जैविक उत्पाद और हर्बल सामग्री आदि जैसे प्रोडक्ट उपलब्ध होंगे.

# ट्रस्टेबल सॉल्यूशंस टीम बनी विजेता

- टर्फ जोन प्रो-2 पर टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**भोपाल, 15 सितबंर. टर्फ जोन प्रो-2 रोहित नगर पर आयोजित बैंकिंग/कॉर्पोरेट/ फाइनेंशियल / कॉर्पोरेशन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ. इस मौके पर विजेता टीम ट्रस्टेबल सॉल्यूशंस और उपविजेता टीम नवधान कैपिटल को नकद राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई.**



यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट प्रारूप पर खेली गई, जिसमें कुल 8 टीमों ने भाग लिया. सभी मुकाबले रोमांच और उत्साह से भरपूर रहे. सेमीफाइनल मुकाबलों में बैंक ऑफ बड़ौदा बनाम नवधान कैपिटल तथा कैनरा बैंक बनाम ट्रस्टेबल सॉल्यूशंस के बीच खेला गया, जिसमें क्रमशः नवधान कैपिटल और ट्रस्टेबल सॉल्यूशंस विजयी रही. इसके बाद खेले गए फाइनल मुकाबले में ट्रस्टेबल सॉल्यूशंस ने नवधान कैपिटल को हराकर खिताब अपने नाम किया. बारिश के कारण खेल में थोड़ी देर हुई, किंतु दर्शकों के उत्साह के बीच देर रात तक टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहे.